an>

Title: Issue regarding alleged faulty demarcation of land in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्रीमती कविता सिंह (**सिवान**): अध्यक्ष जी, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे शून्य काल के दौरान मेरे संसदीय क्षेत्र के किसानों के लोक महत्व के मुद्दे पर सदन में बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान के रघुनाथपुर प्रखण्ड के गभीरार दियारा क्षेत्र के किसानों की जमीनों पर त्रिवेदी आयोग द्वारा 1971 में सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार सीमांकन कर पिलर लगा दिया गया, जिससे गभीरार दियारा के किसानों की जमीन बासडीह तहसील बलिया जनपद में चली गयी है । इसका निष्पादन अभी तक नहीं हुआ है, जिससे किसान काफी परेशान और तनाव में रहते हैं ।

अत: सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करना चाहती हूँ कि नया सर्वे कराकर किसानों की जमीन पुन: वापस कराई जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. थोल तिरुमावलवन – उपस्थित नहीं ।